69

संख्याः– 582 /XXVII(1)/ 2011

प्रेषक,

हेमलता ढ़ौडियाल,
सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत,
उत्तराखण्ड।

वित्त अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांकः 12 : अक्टूबर,2011

विषयः–तृतीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड की संस्तुतियों की प्रत्याशा में द्वितीय राज्य वित्त आयोग द्वारा संस्तुत समनुदेशन के आधार पर समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2011–12 की द्वितीय किश्त की धनराशि का तदर्थ आधार पर संक्रमण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **तृतीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड की संस्तुतियों की प्रत्याशा** में द्वितीय राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड की संस्तुतियों के आधार पर शासन द्वारा लिए गये निर्णयानुसार प्रदेश की समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2011–12 की द्वितीय किश्त की धनराशि को तदर्थ आधार पर **₹52900000.00 (₹ पाँच करोड़ उन्नतीस लाख मात्र)** को निम्नलिखित शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल महोदय आवंटन की स्वीकृति प्रदान करते हैः–

2–उपर्युक्त धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन संक्रमित की जा रही हैः–

1–संक्रमित की जा रही धनराशि प्रथमः वेतन एवं भत्तों आदि पर व्यय की जायेगी तथा शेष धनराशि विकास कार्यो पर व्यय की जायेगी।

2–कोषागार से संक्रमित की जा रही धनराशि आहरित करने हेतु बिल सम्बंधित मण्डलायुक्त द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

3– संक्रमित धनराशि का उपयोग शासनादेश संख्याः–1674ए/XXVII(1)/2006 दिनांक 22 नवम्बर,2006 द्वारा निर्गत मार्गनिर्देशक सिद्धान्त के अनुसार व्यय की जायेगी। इसमे किसी प्रकार का व्यावर्तन/समायोजन अनुमन्य नहीं होगा। यदि इसमें किसी प्रकार का बदलाव किया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित की जायेगी तथा शासन के अनुमोदन के उपरान्त ही बदलाव अनुमन्य होगा।

4– संक्रमित धनराशि के समुचित उपयोग के लिए विभागीय अधिकारी/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो उत्तरदायी होंगे।

5– उपयोग प्रमाण–पत्र सम्बंधित आयुक्त से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर महालेखाकार, उत्तराखण्ड, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा सचिव, पंचायती राज उत्तराखण्ड शासन को भेजा जायेगा।

वमुक्त की जा रही धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर ही अगली किश्त अवमुक्त ी जायेगी। प्रमाण–पत्र के साथ कराये गये कार्य का पूर्ण विवरण (कराये गये कार्य का नाम तथा यय की धनराशि सहित) भी भेजना होगा।

– संक्रमित धनराशि वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–07 के लेखाशीर्षक 3604–स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन–ायोजनेत्तर–02–पंचायती राज संस्थाएं–196–जिला पंचायतें/परिषदें–03–राज्य वित्त आयोग द्वारा ंस्तुत करों से समनुदेशन–00–20–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता के नामे डाला ायेगा।

भवदीया,

(हेमलता ढौंडियाल)
सचिव, वित्त।

ंख्याः– 582(1)/XXVII(1)/2011 तद्दिनांक।

तिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

– आयुक्त कुमाँऊ मण्डल, नैनीताल/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी उत्तराखण्ड।
– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
– सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
– सचिव, पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
– निदेशक, पंचायती राज, उत्तराखण्ड।
– निदेशक,लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
– समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तराखण्ड।
– समस्त मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
0–निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
1–एन0आई0सी0,सचिवालय परिसर, देहरादून।

आज्ञा से,

(आर.सी.अग्रवाल)
अपर सचिव, वित्त।

संख्याः– 582/XXVII(1)/2011 दिनांकः 12 :अक्टूबर,2011 का संलग्नक।

तृतीय राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों की प्रत्याशा में द्वितीय राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2011–12 की देय अनुदान की द्वितीय किश्त की धनराशि का तदर्थ आधार पर संकमण।

(धनराशि ₹ में)

क0स0	जिला पंचायत	द्वितीय किश्त तदर्थ आधार पर
1	2	3
1	अल्मोड़ा	4521500
2	बागेश्वर	1602000
3	चमोली	3766500
4	चम्पावत	1361500
5	देहरादून	4336000
6	हरिद्वार	5946000
7	नैनीताल	3010000
8	पौड़ी गढ़वाल	11017500
9	पिथौरागढ़	3883500
10	रुद्रप्रयाग	1664000
11	टिहरी गढ़वाल	4413000
12	उत्तरकाशी	2907000
13	ऊधमसिंह नगर	4471500
	योगः–	**52900000**

(रू0 पाँच करोड़ उन्नतीस लाख मात्र)

(हेमलता ढौंडियाल)
सचिव,वित्त।